# 2023
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
# इतिहास

**समय : 3 घण्टे ]** **[पूर्णांक : 80**

**निर्देश :**

**(i) इस प्रश्नपत्र में कुल 26 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

**(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।**

**(iii) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। जिसके आठ खण्ड हैं। प्रत्येक खण्ड के लिये 1 अंक निर्धारित है।**

**(iv) प्रश्न संख्या 2 से 9 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिये 1 अंक निर्धारित है।**

**(v) प्रश्न संख्या 10 से 13 तक अति उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक के लिये 2 अंक निर्धारित है।**

**(vi) प्रश्न संख्या 14 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक के लिये 3 अंक निर्धारित है।**

**(vii) प्रश्न संख्या 20 से 25 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक के लिये 5 अंक निर्धारित है।**

**(viii) प्रश्न संख्या 26 मानचित्र से सम्बन्धित हैं जिसके 2 खण्ड हैं। प्रत्येक खण्ड के लिये 4 अंक निर्धारित हैं।**

प्रश्नः1. नीचे दिये गये प्रश्नों में सही उत्तर विकल्प का चयन कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए–

(i) पुरातत्वविदों को हडप्पा सभ्यता के किस स्थल से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले हैं– 1

(क) धौलावीरा (ख) रंगपुर

(ग) कालीबंगा (घ) राखीगढ़ी

(ii) बौद्ध संघ में सम्मिलित होने वाली प्रथम भिक्षुणी थी– 1

(क) महामाया (ख) पुन्ना

(ग) महाप्रजापति गोतमी (घ) सुलक्षणी

(iii) फ्रांस्वा बर्नियर कहाँ का निवासी था? 1

(क) ब्रिटेन (ख) फ्रांस

(ग) जर्मनी (घ) जापान

(iv) हम्पी के भग्नावशेषों की खोज किसने की? 1

(क) कनिंघम (ख) जॉन मार्शल

(ग) मैके (घ) कर्नल कॉलिन मैकेन्जी

(v) स्थायी बन्दोबस्त कब लागू हुआ? 1

(क) सन् 1765 में (ख) सन् 1772 में

(ग) सन् 1784 में (घ) सन् 1793 में

Downloaded from cclchapter.com

(f) कलकत्ता के स्थान पर दिल्ली को राजधानी बनाया गया– 1

(क) सन् 1911 में (ख) सन् 1916 में

(ग) सन् 1908 में (घ) सन् 1924 में

(g) गाँधी जी के राजनीतिक गुरू थे– 1

(क) बाल गंगाधर तिलक (ख) गोविन्द रानाडे

(ग) गोपाल कृष्ण गोखले (घ) बल्लभ भाई पटेल

(h) 'पाकिस्तान' नाम के प्रस्ताव को सर्वप्रथम किसने प्रस्तुत किया था– 1

(क) चौधरी रहमत अली (ख) चौधरी मोहम्मद अली

(ग) चौधरी इनायत अली (घ) चौधरी लियाकत अली

प्रश्नः2- हडप्पावासी नील रत्न कहाँ से मँगाते थे? 1

प्रश्नः3- किन्हीं दो स्मृतियों के नाम लिखिए। 1

प्रश्नः4- ब्राहमणों को दिए जाने वाले भू–दान क्या कहलाते थे? 1

प्रश्नः5- अश्व डाक व्यवस्था को क्या कहा जाता था ? 1

प्रश्नः6- सूरसागर और सूरसारावली के रचयिता कौन हैं ? 1

प्रश्नः7- खेड़ा सत्याग्रह कब हुआ ? 1

प्रश्नः8- रेल, तार व डाक का शुभारम्भ किसके काल में हुआ ? 1

प्रश्नः9- कर्जन द्वारा बंगाल का विभाजन कब किया गया ? 1

प्रश्नः10- प्रयाग प्रशस्ति (इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख) पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । 2

प्रश्नः11- इब्नूबतूता द्वारा वर्णित डाक व्यव्स्था का वर्णन कीजिए । 2

प्रश्नः12- खानकाह से क्या आशय है ? 2

प्रश्नः13- भारतीय संविधान के मुख्य स्रोत कौन–कौन से हैं ? 2

प्रश्नः14- मौर्यकालीन वर्णव्यवस्था तथा वर्णाश्रम व्यवस्था का उल्लेख कीजिए। 3

**अथवा**

सैन्धववासियों की गुरिया निर्माण कला पर प्रकाश डालिए।

प्रश्नः15- सती प्रथा के कौन से तत्वों ने बर्नियर का ध्यान अपनी ओर खींचा ? 3

प्रश्नः16- बे शरिया और बा शरिया सूफी परम्परा के बीच एकरुपता और अन्तर दोनों को स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

मीराबाई के जीवन का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

प्रश्नः17- पहाड़िया लोगों ने बाहरी लोगों के आगमन पर कैसी प्रतिक्रिया दर्शाई? 3

प्रश्नः18- 1857 की क्रान्ति के स्परुप का विवेचन कीजिए । 3

प्रश्नः19- 'व्हाइट' और 'ब्लैक' टाउन शब्दों का क्या महत्व था ? 3

**अथवा**

असहयोग आंदोलन पर एक विस्तृत लेख लिखिए।

Downloaded from cclchapter.com

प्रश्नः20- हडप्पा सभ्यता के नगरों की जल निकास प्रणाली का वर्णन कीजिए। क्या यह नगर नियोजन का संकेत देती हैं ? 5

**अथवा**

समुद्रगुप्त एक महान विजेता और विलक्षण व्यक्तित्व का स्वामी था। इस कथन की विवेचना कीजिए।

प्रश्नः21- क्या यह सम्भव है कि महाभारत का एक ही रचियता था ? चर्चा कीजिए। 5

**अथवा**

साँची के स्तूप के संरक्षण में भोपाल की बेगमों की भूमिका की चर्चा कीजिए।

प्रश्नः22- सूफी सम्प्रदाय (मुस्लिम रहस्यवादी आंदोलन) पर एक लेख लिखिए। 5

**अथवा**

गोपुरम से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्नः23- मुगलों की भू–राजस्व व्यस्था का वर्णन कीजिए। 5

**अथवा**

अकबरनामा पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिए।

प्रश्नः24- ब्रिटिश काल के दौरान भारत से धन की निकासी या आर्थिक निर्गम पर एक लेख लिखिए। 5

**अथवा**

अवध में विद्रोह इतना व्यापक क्यों था ? किसान, ताल्लुकदार और जमींदार उसमें क्यों शामिल हुए ?

प्रश्नः25- सविनय अवज्ञा आंदोलन पर एक लेख लिखिए। 5

**अथवा**

भारत विभाजन के लिये उत्तरदायी कारणों का वर्णन कीजिए।

प्रश्नः26-निम्नलिखित को भारत के मानचित्र पर दर्शाइए–

(i) भारत के राजनैतिक मानचित्र पर ऐतिहासिक महत्व के निम्न स्थलों को दर्शाइयेः 4

(क) सारनाथ (ख) धौलावीरा (ग) मगध (घ) सोपारा

(ii) भारत के मानचित्र पर 1857 के विद्रोह के पाँच महत्वपूर्ण केन्द्रों को अंकित करके उनका नाम लिखिए। 4

Downloaded from cclchapter.com